# बिहार विधान परिषद

**(204 मॉनसून सत्र)**

**लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न**

## 14 जुलाई 2023

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 11**

----

### राज्यकर्मी का दर्जा

30. **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि समान काम के बदले समान वेतन केस में सरकार ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दिया था कि सरकारी कर्मी के रूप में शिक्षक पद मृत (डाइंग) कैडर है;

(ख) क्या यह सही है कि नयी नियमावली, 2023 के अनुसार सरकार पुनः सरकारी कर्मी के रूप में शिक्षक नियुक्ति करने जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुराने नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भंडारण नियम पर पुनर्विचार

31. **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **खान एवं भूतत्व** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में बालू घाटों की नीलामी में ठेका लेने के बाद ठेकेदारों को असीमित बालू के भंडारण का भी प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि बालू घाटों की नीलामी का ठेका ठेकेदारों को जितने महीनों का मिलता है, उससे कहीं ज्यादा वर्षों तक के लिए वह बालू का भंडारण कर लेते हैं और धीरे-धीरे उसे बेचते रहते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार असीमित भंडारण के नियम को समाप्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदों को भरने का विचार

32. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला में पांच संस्कृत विद्यालय कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त संस्कृत प्राथमिक सह मध्य विद्यालयों में कुल स्वीकृत 34 (चौंतीस) पदों में 22 (बाईस) पद रिक्त होने के कारण छात्रों के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में स्वीकृत रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## बहाली कबतक

33. **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा राज्य के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया गया है, परंतु कहीं भी कम्प्यूटर शिक्षक या ऑपरेटर की बहाली नहीं की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक या ऑपरेटर नहीं रहने की स्थिति में सभी कम्प्यूटर सिस्टम बंद पड़े हुए हैं एवं सभी महत्वपूर्ण कार्य प्रधानाध्यापकों को बाजार से कराने पड़ते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक या ऑपरेटर की बहाली करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## निलंबन वापस कबतक

34. **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सेवा संहिता के अधीन किसी कर्मी को निलंबित करने के पूर्व उससे स्पष्टीकरण मांगने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा अन्तर्गत डॉ. हरि किशोर कुमार यादव, मनोविज्ञान विभाग, गंगा सिंह कॉलेज, छपरा को बिना स्पष्टीकरण मांगे निलंबित कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉ. हरि किशोर कुमार यादव का निलंबन वापस कराने का पहल करना चाहती है एवं ऐसे स्वेच्छाधारी अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

\- - - -

## स्थानांतरण की सुविधा

35. **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक) :**
**प्रो. संजय कुमार सिंह(तिरहुत शिक्षक) :**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) ने नियोजन इकाई के अन्दर 2020 नियमावली के तहत शिक्षकों के स्थानान्तरण का आदेश दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि निदेशक के आदेश का पालन अधिकांश जिले में नहीं किया जा रहा है, जिससे विशेषकर महिला एवं दिव्यांग शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिला, दिव्यांग एवं अन्य शिक्षकों के लिए भी ऐच्छिक स्थानान्तरण की सुविधा प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

\- - - -

## बकाये राशि का भुगतान

36. **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में इंटर कक्षाओं के लिए

अनुदान चार-पांच साल से बकाया है;

(ख) क्या यह सही है कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के अनुदान की राशि सीधे महाविद्यालय के शिक्षकों के खाते में नहीं भेजकर विश्वविद्यालय को भेज दिया जाता है, जहां महीनों विश्वविद्यालय उक्त सरकारी अनुदान की राशि का ब्याज जमा करता है, जिससे शिक्षकों को समय पर अनुदान नहीं मिल रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त महाविद्यालयों के बकाये राशि का भुगतान करना चाहती है?

----

## नई स्थानांतरण नीति कब तक

37. **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में नियोजित शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए सरकार नई स्थानांतरण नीति बना रही थी, क्या वो स्थानांतरण नीति बन कर तैयार है और अगर नहीं तो नीति बनाने में क्या दिक्कत आ रही है, इस स्थानांतरण नीति का इंतजार लाखों नियोजित शिक्षक कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने बार-बार ये आश्वासन दिया था कि छठे चरण के नियोजित शिक्षकों की बहाली के बाद नई स्थानांतरण नीति को लागू कर दिया जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि नियोजित शिक्षकों की स्थानांतरण नीति कब तक बन पाएगी और ये कब तक लागू की जा सकेगी?

----

## अनुदान की राशि का निर्धारण

38. **श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में सरकारी महाविद्यालय/संस्थानों की कमी को अनुदानित महाविद्यालय/संस्थान पूरा कर रहे हैं जहां कि राज्य के लाखों छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष पढ़ाई कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अनुदानित/वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों के अनुदान की राशि का भुगतान किया जाना विगत 07 वर्षों से अधिक समय से लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि अनुदानित/वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों को मिलने वाले अनुदान की राशि का निर्धारण वर्ष 2008 में ही किया गया है जबकि वर्ष 2008 से 2023 के बीच विगत 15 वर्षों में महंगाई में कई गुणा वृद्धि हुई है, परंतु बढ़ी हुई महंगाई के अनुपात में इनके अनुदान में सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के अनुदानित/वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों (महाविद्यालय/इण्टर स्तरीय विद्यालय/माध्यमिक स्तरीय विद्यालय) के लंबित अनुदान की राशि का भुगतान करने एवं अनुदान की राशि निर्धारण में बढ़ी हुई महंगाई के समरूप वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चुनाव कबतक

39. **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत अधिसद (सीनेट) एवं अभिसद (सिंडिकेट) के सदस्यों का लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव का प्रावधान है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के अंतर्गत सीनेट और सिंडिकेट का चुनाव कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन विसंगति दूर करने पर विचार

40. **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि वेतन विसंगति दूर करने के लिए विभागीय स्तर पर बनाई गयी उप समिति की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वेतन विसंगतियों के कारण वरीय शिक्षकों का वेतन कनीय शिक्षकों से भी कम हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि कई वेतनवृद्धियां अनावश्यक रूप से काटने के कारण वेतन विसंगतियां दूर नहीं की जा सकी हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----